भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1547

उत्तर देने की तारीख: 01.07.2019

नवोदय विद्यालयों में छात्रावास

1547. श्री राजेन्द्र धेड्या गावितः

क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा प्रत्येक केन्द्रीय विद्यालय में छात्रावास की सुविधा प्रदान करने की योजना सरकार के विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो इसके कब तक कार्यान्वित किये जाने की संभावना है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क): वर्तमान में सरकार के विचाराधीन ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ख): प्रश्न नहीं उठता।

(ग): केन्द्रीय विद्यालय (केवी) डे स्कूल हैं जिन्हें मुख्यत: भारत सरकार/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के मंत्रालयों/विभागों से निर्धारित प्रपत्र में प्रस्ताव जिसमें नए केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए अपेक्षित संसाधनों की उपलब्धता की वचनबद्धता दी गई हो, प्राप्त होने और साथ ही सरकार ही आवश्यक स्वीकृति प्राप्त होने पर रक्षा कर्मियों सहित केन्द्र सरकार के स्थानांतरणीय कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए खोला गया है। तथापि, सीटों की सीमित संख्या के साथ 9 केन्द्रीय विद्यालयों में छात्रावास सुविधाएं उपलब्ध हैं।

*****